दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रसारित •

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 69 • मुंबई,बुधवार, 06 नवम्बर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

## पशुप्रजनन नीति के अनुरूप ही पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान करें



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने पशुधन सहायकों के तृतीय प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में उदयपुर एवं कोटा संभाग के पशुधन सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालकों को इच्छानुसार नही बल्कि पशुप्रजनन निती के अनुसार ही पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान कर नस्ल सुधार कार्यकम को कियान्वित करना चाहिए। डॉ. छंगाणी ने कहा कि पशुप्रजनन निती क्षेत्रानुसार वंहा पर ब्यात नस्ल के गुणों एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित की जाती है जिससे आने वाली नस्ल उन्नत एवं अधिक उत्पादन देने वाली हो एवं पशुपालकों को लाभान्वित कर सके। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण समनवयक डॉ. पद्मा मील ने कहा कि पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में पशु प्रजनन निती संबंधित समस्त जानकारीयां उपलब्ध करवाकर अधिकाधिक प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर पशुधन सहायकों के कार्यकौशलता में वृद्धि करने का प्रयास किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में बून्दी, झालावाड़, बांरा, कोटा, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौढगड़, एवं राजसमन्द के 28 पशुधन सहायक भाग ले रहे है।

## जेजेएम घोटाला में एसीबी का बड़ा एक्शन, राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी समेत 23 लोगों पर केस दर्ज

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान में कथित तौर पर जल जीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है. बीते मार्च 2024 में राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी को ईडी ने इसी मामले में समन सौंपा था. वहीं अब एसीबी ने जेजेएम घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी पर केस दर्ज कर लिया है. इसके साथ ही अधिकारियों और ठेकेदारों सहित कुल 23 लोगों के खिलाफ एसीबी ने केस दर्ज किया है. इसकी जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है.

एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि प्राथमिकी दो-तीन दिन पहले दर्ज की गई थी. वहीं अब अधिकारी ने एक बयान में समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी तथा अधिकारियों और ठेकेदारों सहित 23 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है.

**धारा 17ए के तहत महेश जोशी पर दर्ज किया गया केस**

एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि पूर्व मंत्री पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत अनुमति मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई. जोशी पिछली कांग्रेस सरकार में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के कैबिनेट मंत्री थे.

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन (जेजेएम) का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है और इसे राजस्थान में पीएचईडी द्वारा लागू किया जा रहा है.

**ED भी कर रही घोटाले में जांच**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) भी राजस्थान में जेजेएम के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहा है. ईडी ने इस मामले में जोशी के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली थी और एक कथित बिचौलिए व कुछ ठेकेदारों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है.




जेजेएम में हुए कथित घोटाले से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने श्रष्ठ को सौंपे थे. ईडी दफ्तर जाकर उन्होंने घोटाले के सबूत देते हुए कार्रवाई की मांग की थी. मीणा के मुताबिक ठेकेदारों से मिलकर पूर्व मंत्री महेश जोशी ने 2 हजार करोड़ से ज्यादा का घोटाला किया है. ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को टेंडर दे दिए गए हैं.

## छेड़छाड़ मामले में अभियुक्त फुंदा सिंह गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला प्रतापगढ़ में महिला से छेड़छाड़ के मामले में अभियुक्त फुंदा सिंह निवासी पाटनिया को थाना हथुनिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। घटना के अनुसार, 24 अक्टूबर 2024 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी बच्ची के साथ घर पर काम कर रही थी, जब पड़ोसी फुंदा सिंह घर में आया और उसके पति के बारे में पूछते हुए उससे छेड़छाड़ की।

जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन और वृताधिकारी गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में, थानाधिकारी इंद्रजीत परमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अनुसंधान के दौरान अभियुक्त के खिलाफ अपराध प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार किया गया।



पुलिस टीम में थानाधिकारी इंद्रजीत परमार, सहायक उपनिरीक्षक भोलुराम, कांस्टेबल मुकेश शामिल रहे।

## पाली में ACB का बड़ा एक्शन, 10 हजार रुपए रिश्वत लेते कांस्टेबल को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**पाली ।** राजस्थान में भ्रष्टाचार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करप्ट अधिकारियों पर नकेल कस रही है. अब ताजा मामला पाली जिले से सामने आया है. जहां एसीबी की टीम ने एक रिश्वतखोर कांस्टेबल को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के अनुसार जिले के कोट सोलंकिया चौकी में तैनात कॉन्स्टेबल कानाराम मीणा को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है.

मिली जानकारी के अनुसार परिवादी से कांस्टेबल ने 5 हजार रुपए पहले ही ले लिए थे. मंगलवार को 10 हजार रुपए और ले रहा था. उसी दौरान एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार किया.

**खेत में मृत भैंस पाए जाने के मामले में कार्रवाई नहीं करने के लिए मांगी थी रिश्वत**

एसीबी के बयान के अनुसार, कोट सोलंकियान पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल कानाराम मीणा को एक परिवार से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. बयान के मुताबिक, परिवादी ने



शिकायत की कि उसके खेत में मृत भैंस पाए जाने के मामले में कार्रवाई नहीं करने के एवज में आरोपी कांस्टेबल कानाराम 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर उसे परेशान कर रहा है.

**आरोपी कांस्टेबल से पूछताछ कर रही टीम**

बयान के अनुसार, एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर जाल बिछाया और आरोपी को मंगलवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. बयान में कहा गया है कि आरोपी कांस्टेबल ने शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से पांच हजार रुपये बतौर रिश्वत लिए थे. अब एसीबी की टीम आरोपी कांस्टेबल से पूछताछ कर रही है. कांस्टेबल की गिरफ्तारी से कोट सोलंकियान पुलिस चौकी में तैनात अन्य पुलिस जवानों में दहशत का माहौल है.

## राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन की डेलीगेट ब्रीफिंग विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी पहुँचे सिडनी

### समृद्ध विरासत और परम्पराओं का प्रदेश है राजस्थान - देवनानी

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा के दौरान मंगलवार को सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) पहुँचे। श्री देवनानी का सिडनी पहुँचने पर अधिकारियों ने स्वागत किया। श्री देवनानी ने सिडनी में आयोजित भारत रीजन के 67वें राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन की डेलीगेट ब्रीफिंग में भाग लिया। देवनानी ने सम्मेलन में मौजूद उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटक, तमिलनाडू सहित भारत के विभिन्न प्रदेशों के विधान सभा अध्यक्षगण और सांसदगण से मुलाकात की।

इस मौके पर देवनानी ने कहा कि राजस्थान प्रदेश की अपनी समृद्ध विरासत, परम्पराओं और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विशिष्ट पहचान है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीले और जोधपुर, बीकानेर व जैसलमेर के भव्य दुर्ग देशी तथा विदेशी सैलानियों के लिए पंसदीदा स्थान है। राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिए प्रति दिन हजारों



की संख्या में पर्यटक आते है।

देवनानी इस अध्ययन यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के विधायी निकायों का अवलोकन करने के साथ संसदीय प्रतिनिधिगण से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार--विमर्श करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षगण एक मंच पर एकत्रित होकर लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न विषयों पर संवाद करते है। इस बार का राष्ट मण्डल संसदीय संघ का सम्मेलन आस्ट्रेलिया में 5 से 8 नवम्बर तक हो रहा है। संसदीय संघ का यह 67वां सम्मेलन है। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए अध्यक्ष श्री देवनानी के साथ विधान सभा के विशिष्ट सचिव श्री भारत भूषण शर्मा भी गये है।

## जोधपुर चिकित्सा विभाग के क्लर्क को एसीबी ने किया ट्रैप, पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्पेशल यूनिट जोधपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन-जोधपुर के वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र भारती को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट जोधपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि अनुबंधित वाहन के बकाया बिलों को पास करने की एवज में कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं जोन-जोधपुर का वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र भारती बीस हजार रूपये रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की स्पेशल यूनिट जोधपुर टीम का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र भारती को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

## करौली जिले के थाना मासलपुर में वांछित 25 हजार का इनामी गोविंद गुर्जर गिरफ्तार

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 1 साल से था फरार, कर्नाटक, बेंगलुरु, हैदराबाद, गुजरात में काटी फरारी

पदमावत मीडिया

**जयपुर/करौली ।** करौली के थाना मासलपुर इलाके में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में करीब 1 साल से फरार चल रहे आरोपी गोविंद गुर्जर पुत्र कस्तान निवासी परमल्ला पुरा को थाना पुलिस एवं सीओ कार्यालय की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25000 का इनाम घोषित है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 24 सितंबर 2023 को नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट थाना मासलपुर पर दर्ज हुई थी। पुलिस टीमों द्वारा काफी प्रयासों के बाद बालिका को तत्समय कर्नाटक से दस्तयाब किया था। मामले का अनुसंधान सीओ अनुज शुभम द्वारा किया जा रहा था। अनुसंधान के दौरान अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के तथ्य सामने आए। जिस पर पुलिस ने 22 दिसंबर 2023 को एक आरोपी दिनेश गुर्जर निवासी बरबटपुरा को गिरफ्तार कर लिया था, जो अभी न्यायिक हिरासत में है। एसपी उपाध्याय ने बताया कि घटना का दूसरा



आरोपी गोविंद सिंह उसी समय से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी कार्यालय द्वारा 25000 के इनाम की घोषणा की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार तभी से दबिश दे रही थी। इसी दौरान सोमवार को हैड कांस्टेबल परमजीत सिंह व कांस्टेबल राजेश कुमार को प्राप्त हुई आसूचना पर सीओ ऑफिस की टीम एवं मासलपुर थाना पुलिस की टीम ने मासलपुर मोड़ से आगे भद्रावती नदी के पुल के पास दबिश देकर इनामी आरोपी को डिटेन कर लिया।

इनामी अभियुक्त गोविंद पिछले 1 साल से कर्नाटक, बेंगलुरु, हैदराबाद, गुजरात आदि स्थानों पर छुपकर फरारी काट रहा था। जिसे अनुसंधान के बाद पुलिस ने नाबालिग के अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## जोधपुर पूर्व जिले में थाना महामंदिर पुलिस की कार्रवाई अंतरजिला नकबजन गिरोह का सरगना 10000 इनामी अभियुक्त हनुमानगढ़ से गिरफ्तार

### थाना महामंदिर सहित राज्य के अलग-अलग जिलों के आठ प्रकरणों में है वांटेड



पदमावत मीडिया

**जयपुर/जोधपुर ।** जोधपुर पूर्व जिले की महामंदिर थाना पुलिस ने अंतरजिला नकबजन गिरोह के सरगना नरेंद्र सोनी पुत्र मोहनलाल (35) निवासी सुरेसिया कॉलोनी थाना जंक्शन हनुमानगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। दस हजार रुपये इनामी उक्त आरोपी थाना क्षेत्र के अलावा सिरोही, बीकानेर और बाड़मेर जिले के आठ मुकदमो में वांटेड है।

डीसीपी पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 20 जुलाई को महामंदिर थाना इलाके के मारवाड़ नगर निवासी परिवादी रामचंद्र सोनी एवं विजय कुमार की दुकान एवं मकान के टाले तो[illegible] अज्ञात चोर कीमती सामान, गहने एवं मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए थे। जिस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। मामले में पूर्व में पुलिस ने इस गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

गैंग का सरगना नरेंद्र सोनी काफी शातिर किस्म का है, जो अपने गिरोह के सदस्यों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाता है। साथ ही चोरी किए गए माल को खुर्द बुर्द भी करता है। घटना के बाद से ही आरोपी अलग अलग स्थानों पर निवास कर रहा था। जिसे थाना स्तर पर टॉप 10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया गया।

लंबे समय से फरार चल रहे सरगना नरेंद्र सोनी की गिरफ्तारी के लिए एडीसीपी वीरेंद्र सिंह एवं एसीपी हेमंत कलाल के सुपरविजन तथा एसएचओ शिवलाल मीणा के नेतृत्व में थाना महामंदिर से एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए आरोपी के ठिकानों को तकनीकी माध्यम व आसूचना तंत्र से चिन्हित किया। सूचना पुख्ता होने के बाद हनुमानगढ़ से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे विस्तृत अनुसंधान व बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## अवैध शराब तस्करी पर परसाद थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में परसाद थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की बड़ी कार्रवाई हुई। आगामी विधानसभा उपचुनाव और आदर्श आचार संहिता के दौरान तस्करी रोकने के निर्देशों के तहत अति. पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा और पुलिस उपअधीक्षक चांदमल सिगारिया के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी उमेश चन्द्र के नेतृत्व में, पुलिस टीम ने परसाद पुल के पास नाकाबंदी में एक अर्टिगा कार को रोका, जिसमें राजस्थान निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब मिली। वाहन चालक चावडा कुनाल अरविन्द भाई, निवासी बापूनगर, अहमदाबाद, से 36 लीटर बीयर और 35.28 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 43380 रुपये है। कार जब्त कर, अभियुक्त पर मामला दर्ज किया गया और शराब की सप्लाई के स्रोत की जांच जारी है।






पुलिस टीम में हेडकांस्टेबल गोविंदराम, हेडकांस्टेबल पुष्पेन्द्र विशेष भूमिका, कांस्टेबल गोपाल, कांस्टेबल गणेशदास, महिला कांस्टेबल लतिका शामिल रहे।

## कांकरोली थाना की कार्यवाही अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर जब्त

पदमावत मीडिया

**राजसमंद ।** प्रदेश में अवैध खनन पर रोकथाम के अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक और पुलिस उप अधीक्षक विवेक सिंह राव के निर्देशन में कांकरोली थाना अधिकारी हनवंत सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई की।

गश्त के दौरान, लंगौट चौराहा, विट्ठल विलास बाग जेके रोड पर तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर को रोका गया। जांच में ट्रैक्टर संख्या आरजे 30 आरए 7061 की ट्रॉली में अवैध बजरी भरी पाई गई। चालक सुरेश, निवासी मोही सालरमाला, वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। टीम ने अवैध बजरी



सहित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

# संगठन द्वारा गुप्ता का अभिनन्दन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उपभोक्ता सुरक्षा संगठन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार के समन्वयक एवं पूर्व ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता के संगठन द्वारा सलाहकार मंडल में सदस्य नियुक्त होने पर अभिनंदन किया गया । इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजश्री गांधी के नेतृतर्त्व में गुप्ता का अभिनन्दन शॉल, माला एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर किया गया, जो उनके योगदान और सेवा की भावना का सम्मान है। डॉ. गांधी ने गुप्ता की नियुक्ति पर हर्ष जताया और संगठन को उनके मार्गदर्शन से और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आशा व्यक्त की।

इस गरिमामयी अवसर पर राष्ट्रीय समन्वयक शिरीष नाथ माथुर, प्रदेश जिला अध्यक्ष ऋषि सुखवाल, जिला सचिव उत्तम विजयवर्गीय, जिला संयोजक अशोक एवं वूमेन सेल अध्यक्ष अल्पना बोहरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

वर्तमान में खाद्य उत्पादों में मिलावट, ऑनलाइन ठगी, बैंक ओटीपी धोखाधड़ी जैसी समस्याओं से उपभोक्ता प्रताड़ित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं होने से वे इन धोखाधड़ियों का शिकार बन रहे हैं। संगठन ने इन चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें खासकर बच्चों और युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

डॉ. गांधी ने जानकारी दी कि संगठन अब स्कूलों और कॉलेजों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि युवा पीढ़ी को उपभोक्ता अधिकारों और धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी जा सके।

के.के. गुप्ता ने उपभोक्ता हित में इस पहल की सराहना की और संगठन के साथ मिलकर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय समन्वयक शिरीष नाथ माथुर ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुप्ता के मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा मिलेगी और समाज में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# धर्मक्षेत्र संसार के नियम या पर्सनल विचार के अनुसार नहीं चलता - आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

## आयड़ तीर्थ में आज ज्ञान पंचमी पर होंगे विशेष आयोजन

### आयड़ जैन तीर्थ में अनवरत बह रही धर्म ज्ञान की गंगा

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चातुर्मास काल के दौरान महाभारत पर प्रतिदिन प्रवचन दिए जा रहे है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि मंगलवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा--अर्चना की गई। नाहर ने बताया कि बुधवार 6 नवम्बर को ज्ञान पंचमी के अवसर विशेष अनुष्ठान का आयोजन होगा।

मंगलवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने कहा कि हमारे जीवन में हमारे आचरण एवं भावना द्वारा हम पुण्य की वृद्धि भी कर सकते है, पाप की वृद्धि भी कर सकते है और धर्म की वृद्धि भी कर सकते है मगर तीन में से हमे धर्म की वृद्धि ही करनी चाहिए क्योकि इससे आत्मा की फ्यूचर शुद्ध एवं प्रसन्न बनती है। धर्मक्षेत्र धर्म के सिद्धांत अनुसार चलता है। धर्मक्षेत्र संसार के नियम या पर्सनल विचार के अनुसार नहीं चलता । धर्म अरिहंत की आज्ञा के अनुसार ही चलता है। चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर,



अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## बड़गांव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 7 नवंबर से

# पंचायत स्तरीय ग्रामीण प्रतियोगिताः वीबीआरआई कॉलेज मैदान पर होंगे मैच

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पंचायत स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता बड़गांव प्रीमियर लीग का 7 नवंबर को साइफन--बड़गांव रोड पर स्थित वीबीआरआई कॉलेज मैदान पर शुभारंभ होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है।

आयोजन समिति के लवेश व्यास ने बताया कि यह प्रतियोगिता 7 से 10 नवंबर तक चलेगी। अब तक बड़गांव, कड़िया, भुवाणा, बड़ी, वरड़ा, टीडी, पानेरियों की मादड़ी, गोगुंदा, झाड़ोल, उथरदा और बिलोता सहित 15 टीमों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करवा लिया है। प्रत्येक टीम के लिए एंट्री फीस 2500 रूपए तय की गई है।

**टेनिस बॉल से होंगे सभी मैच**

प्रतियोगिता के सभी मैच टेनिस बॉल से और आठ-आठ ओवर के होंगे। पंचायत क्षेत्र की किसी भी जिले की टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेगी। विजेता टीम को 21 हजार का और उप विजेता को 11 हजार का पुरूस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में बेस्ट बेस्ट मैन, बेस्ट बॉलर, मैन ऑफ द सीरीज,बेस्ट फील्डर के साथ ही सिक्सर किंग ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी दिया जाएगा।

# विजयलक्ष्मी गलूंडिया 'कैट' की जिलाध्यक्ष नियुक्त

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राष्ट्रीय संगठन 'कैट' कॉन्फ्रेंडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की स्टेट कोऑर्डिनेटर चारु अग्रवाल ने केट वूमेन विंग की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया को नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कैट एक सशक्त राष्ट्रीय संगठन है जो लाखों छोटे और मध्यम व्यापारियों एवं उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करता है आज के तेजी से बदलते बाजार में महिला उद्यमियों, व्यवसायियों एवं पेशेवर महिलाओं को उनके बिजनेस को बढ़ावा देने, प्रचार प्रसार करने, चुनौतियों का सामना करने, ज्ञान साझा करने एवं महिला व्यवसायियों को सशक्त मंच प्रदान करने, सरकार की पॉलिसियों की जानकारी देने, स्किल डेवलेपमेंट, व्यवसाय के नए नए अवसर से रुबरु करवाने के लिए पूरे राष्ट्र में कैट विमेन विंग कार्यरत है जिससे छोटे से लेकर बड़े सभी व्यवसाय, उद्योग और पेशे की महिलाएं महिला बिना किसी बाधा के एक दूसरे के साथ सहयोग कर सके, सीख सके एवं विकास कर सके साथ ही जो भविष्य में बिजनेस वूमेन बनना चाहती है वो भी अभिप्रेरित हो सके। कोटा संभागीय अध्यक्ष सुमन गोयल ने बताया कि कैट विमेन विंग की राष्ट्रीय एडवाइजर स्मृति ईरानी है।

# 980 ग्राम वजनी प्रीमेच्योर बेबी वृन्दा को पीएमसीएच में मिला नया जीवन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर के बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में प्रीमेच्योर बेबी वृन्दा की गैस्ट्रिक पर्फोरेशन की सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया तीन पीढ़ियों में जन्मी पहली बच्ची की इस सर्जरी में बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,ऐनेस्थिशिया विभाग के डॉ. प्रकाश औदिच्य,डॉ.कृष्णगोपाल ,डॉ.अनिल,विष्णु एवं संजय की टीम का सहयोग रहा।

दरअसल बच्ची की माँ को गर्भावस्था के दौरान हाई बी.पी. की शिकायत के चलते समय से पहले डिलिवरी करानी पड़ी। बेबी वृद्धा का जन्म समय से पूर्व हो गया। जन्म के समय बच्ची का वजन 1.140 ग्राम था। बच्ची के कम वजन और समय से पूर्व पैदा होने की वजह से उसे गहन चिकित्सा विभाग (आईसीयू) में रखा हुआ था। पांचवे दिन बच्ची की हालत बहुत ही ज्यादा नाजुक हो गयी। परिजनों बच्ची को तुरन्त भीलवाड़ा से पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों का बेदला लेकर आए। बच्ची को तुरन्त वेन्टिलेटर पर लेकर जॉच की तो पता वला कि बच्ची की ऑत फट गई है और आमाशय लगभग आधे से ज्यादा सड गया था,जिसका कि ऑपरेशन द्वारा इलाज सम्भव था। ऐसी स्थिति में अगर तुरन्त ऑपरेशन नहीं किया जाए तो कुछ ही घण्टों में मृत्यु हो सकती है।

बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि नवजात शिशु में गैस्ट्रिक पर्फोरेशन एक दुर्लभ लेकिन जीवन-घातक स्थिति है। यह जन्म के पहले कुछ दिनों में होने की सबसे अधिक संभावना है

ऑपरेशन के बाद लगभग 2 महीने तक बच्ची को वेन्टीलेटर एवं गहन चिकित्सा ईकाई में डॉ. पुनीत जैन,डॉ.सन्नी मालवीय,डॉ. पलक जैन,मनीष एवं कल्पेश की निगरानी में रखा गया। बच्ची अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य है और उसका वजन साढे तीन किलो हो गया और उसे छुट्टी दे दी गई है।

बच्ची के परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल,सभी चिकित्सकों,मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवम् स्टॉफ का आभार जताया।

# कोटड़ा थाना - अवैध गांजे की खेती का पर्दाफाश, 10.900 कि.ग्रा सूखा और 14.650 कि.ग्रा हरा गांजा जब्त



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेन्द्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन में कोटड़ा थाना अधिकारी अशोक कुमार सिंह चम्पावत ने अपनी टीम के साथ झाझर बडला लाम्बाहल्दु इलाके में अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। टीम ने मणीया राम निवासी झाझर, कोटड़ा के कब्जे से 10.900 कि.ग्रा सूखा गांजा बरामद किया। इसके अतिरिक्त, मणीराम द्वारा अपने घर के पीछे अवैध रूप से उगाए गए गांजे के 14.650 कि.ग्रा वजन के हरे पौधे भी जब्त किए गए। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह चम्पावत, कांस्टेबल आजाद सिंह, कांस्टेबल उत्पल, कांस्टेबल जसपाल सिंह, कांस्टेबल विनोद, कांस्टेबल महेंद्र, कांस्टेबल भानुप्रकाश, कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# बकायादारों के लिए बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राज्य सरकार द्वारा आबकारी विभाग की पुरानी बाकीयात को निपटाने के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना - 2024 प्रारंभ की है जिसके तहत बकायादारों को बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत--प्रतिशत माफी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त श्री शिवप्रसाद एम नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 पुरानी बकाया को निपटाने का सुगम अवसर है। उक्त योजना के तहत बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी के साथ ही मूल बकाया राशि में भी छूट का प्रावधान किया गया है। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी है। इस योजना का लाभ लेकर पुरानी बकाया राशि का भुगतान कर अनावश्यक सम्पत्तियों की नीलामी, कुर्की, वादकरण से बचा जा सकता है। इस संबंध में जानकारी एवं बकाया प्रकरणों के निपटारे के लिए अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उक्त योजना के तहत राशि नही जमा करवाने पर बकायादारों एवं उनके जमानतियों की चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की की जाकर भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार कर नीलामी एवं आवश्यक होने पर बकायादारों के विरूद्ध सिविल, फौजदारी मुकदमें दर्ज करवाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

# मतदान दिवस पर 13 नवंबर को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में अवकाश घोषित

## मतदान केन्द्र वाले विद्यालयों में 12 को भी रहेगा अवकाश

### विधानसभा उपचुनाव 2024

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार उदयपुर जिले की सलूंबर विधानसभा में बुधवार 13 नवंबर को मतदान दिवस नियत किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर सलूंबर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान दिवस पर 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र के समस्त कार्यालयों में मतदान दिवस को अवकाश घोषित किया है। वहीं जिन विद्यालयों में मतदान संबंधी कार्य सम्पन्न किया जाना है और मतदान दलों के रुकने की व्यवस्था की जानी है वहां मंगलवार 12 नवंबर को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

इसके साथ ही संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या व्यवसाय में कार्यरत कामगारों का मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।

**मतदान संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कलक्टर ने जारी किये आदेशः**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 156-सलूंबर के उपचुनाव 2024 के तहत 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल ने आदेश जारी किये है।

इन आदेशों के तहत मतदान दलों की रवानगी, आगमन एवं मतगणना संबंधी राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदयपुर में सम्पन्न होने वाले समस्त कार्यों के समन्वय हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार जैन को समन्वयक नियुक्त किया गया है। श्री जैन सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मतदान दलों की रवानगी, आगमन एवं मतगणना संबंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

**एमओ का द्वितीय प्रशिक्षण 10 कोः**

विधानसभा उपचुनाव सलूंबर हेतु नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण पर्यवेक्षक की सहमति अनुसार 10 नवंबर को प्रातः 9 बजे से जिला परिषद सभागार में आयोजित होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल ने प्रभारी अधिकारी को नियत तिथि को संपूर्ण व्यवस्थाएं समन्वय करते हुए प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश दिए है।

**मतदान दलों के लिए बूथ पर करनी होंगी व्यवस्थाएंः**

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने मतदान दलों के लिए संबंधित बूथ पर आवास, भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर अधिकारी--कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी, संबंधित संस्थाप्रधान तथा संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को मतदान दल के लिए बूथ पर ही स्वच्छ कमरे में आवास की व्यवस्था करनी होगी। भोजन एवं अल्पाहार के लिए ग्राम की स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से कार्मिक की सहमति के आधार पर एआरओ स्तर पर तय दर के अनुसार व्यवस्था की जाएगी। बूथ पर निःशुल्क स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना होगा। मतदान केंद्र भवन अथवा निकटवर्ती राजकीय भवन में शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी तथा उचित किराया पर मांग अनुसार बिस्तर, तकिया, चद्दर आदि की व्यवस्था की जाएगी। पोसवाल ने बताया कि संबंधित एआरओ, सेक्टर अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी, विकास अधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

**अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त कर 12 को रवाना होंगे मतदान दलः**

विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए सलूंबर जिले की सलूंबर विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्र मे मतदान के लिए नियुक्त मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण 12 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में सम्पन्न होगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त एरिया एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात् अपनी निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर मतदान दलों की रवानगी सुनिश्चित कर ही रवानगी स्थल से गंतव्य के लिये प्रस्थान करेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर तथा विडियोग्राफर संबंधित मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल के साथ ही उन्ही के वाहन से प्रस्थान करेंगे। कलक्टर ने प्रशिक्षण एवं मतदान दलों की रवानगी के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे है।

**मतदाता सहायता केन्द्र की स्थापना के निर्देशः**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 156-सलूंबर के लिये उपचुनाव 2024 के दृष्टिगत समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के मतदाता सूची मे नाम, क्रमांक एवं भाग संख्या की जानकारी उपलब्ध करवाने मे सहायता प्रदान करने हेतु मतदाता सहायता केन्द्र की स्थापना के निर्देश दिए है। जिसका प्रभारी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी होगा एवं मतदाताओं की सहायता हेतु मतदान केन्द्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वोलियन्टर्स आदि भी उपस्थित रहेंगे।

**चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देशः**

विधानसभा उपचुनाव 2024 के मतदान व मतगणना के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने उदयपुर व सलूंबर सीएमएचओ को मतदान केन्द्रों सहित सामग्री वितरण व संग्रहण केन्द्र व मतगणना केन्द्र पर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। समस्त मतदान दल 12 नवंबर को राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदयपुर से अपने अपने मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए प्रस्थान करेंगे। संग्रहण स्थल पर 13 नवंबर को पुनः ईवीएम एवं अन्य सामग्री जमा की जायेगी। इसके पश्चात् 23 नवंबर को मतगणना की जायेगी। राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12, 13 व 23 नवंबर को एम्बुलेन्स मय चिकित्सक टीम की व्यवस्था कराने तथा इस परिसर में एक काउंटर भी स्थापित करने के निर्देश दिए है। मतदान दिवस 13 नवंबर को जिला सलूंबर के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मतदान तिथि को एम्बुलेन्स मय चिकित्सक टीम की उपस्थिति तथा समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदान तिथि को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अधीनस्थ स्टाफ को पाबंद करने के निर्देश दिए है।

# कहीं बैसाखी के सहारे तो कहीं पलंग पर बैठे-बैठे लोकतंत्र के प्रति निभाया दायित्व

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी होम वोटिंग के प्रथम चरण के दूसरे दिन मंगलवार को पात्र मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ अपना दायित्व निभाया। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमों पथरीली राहों एवं पगडंडी के सहारे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मत की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनसे मतदान कराया। घर बैठे मतदान का अवसर पाकर मतदाताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

रिटर्निंग अधिकारी सलूम्बर पर्वत सिंह चुण्डावत ने बताया कि दूसरे दिन 144 वरिष्ठ नागरिक तथा 18 दिव्यांगजन सहित कुल 162 मतदाताओं की होम वोटिंग के लक्ष्य के मुकाबले क्रमशः 139 वरिष्ठ नागरिकों और 17 दिव्यांग सहित कुल 156 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। 8 नवम्बर तक चलने वाले प्रथम चरण में टीमें 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजनों जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, उनके घर-घर जाकर मतदान कराएगी। प्रथम चरण में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को 9 एवं 10 नवम्बर को होने वाले द्वितीय चरण में अवसर दिया जाएगा। दोनों ही चरणों में अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं को मतदान का अवसर नहीं मिलेगा। वे मतदाता बूथ पर जाकर भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

**सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों निरीक्षण**

सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर 13 नवंबर को यहां होने वाले मतदान के दृष्टिगत विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने हिकावाड़ा, अमलोदा, नोकली, बंजारों का टाडा, समोडा बूथों का निरीक्षण किया और झल्लारा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। सराडा में बाणा खुर्द, नावडा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के दौरान निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने और मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के व्हील चेयर, कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था करते हुए उन्हें प्राथमिकता व सुलभता के साथ मतदान करवाने की बात कही। इस अवसर पर एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, सराडा तहसीलदार आस्था रानी बामणिया, अभिनीत शर्मा, घनश्याम चंदेल पटवारी सहित बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

**आज यहां होगा होम वोटिंग से मतदान**

होम वोटिंग के निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार 6 नवंबर को नेवातलाई, कोटडी, पाडला, खोडी मऊडी, झालरदेवी, नाल हल्कार, सराडा, पाल सराडा, केजड, नीमच चंदोडा, सगतपुर, ओडा (रठोड़ा), रठोड़ा, कोटा, कांट, रतनपुरा, भानपुर, धारोद, दुदर, डांगीवाडा मेथुड़ी, पादरडा, श्यामपुरा (गातोड), वीरपुरा, दवाणा, जूनीझर, जावद, खरका, पानी कोटडा, सराडी, सिंघावली, ओरवाडिया, कानपुरा, अदकालिया, लकीपा, सलूम्बर, सीपुर ढानी व सीपुर मल्लाडा में मतदान दल पहुंचकर पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग से मतदान करवाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।